

श्री हफीज सोराब कॉन्ट्रैक्टर

Shri Hafeez Sorabe Contractor




पद्म भूषण

Padma Bhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President



# श्री हफीज सोराब कॉन्ट्रैक्टर

श्री हफीज सोराब कॉन्ट्रैक्टर एक जाने–माने कॉन्ट्रैक्टर, प्रधान वास्तुकार और प्रोप्राइटर हैं।

2. आपका जन्म 19 जून,1950 को हुआ। आपने अपनी यात्रा 1968 में खारेघाट एण्ड एसोसिएट्स, मुम्बई में एक प्रशिक्षु के रूप में प्रारम्भ की। आपने वास्तुकला अकादमी, मुम्बई से वास्तुकला में स्नातक डिप्लोमा पूरा किया और फिर आप टाटा छात्रवृत्ति लेकर कोलम्बिया विश्वविद्यालय, न्यूयार्क से वास्तुकला में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने चले गए। वहां से वापस आने के पश्चात् आपने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 1982 में वास्तुकला प्रैक्टिस की स्थापना को जो अब देश की सबसे बड़ी वास्तुशिल्पी फर्मों में से एक फर्म बन चुकी है।

3. आपके कार्य ने शहरी निर्माण भू–दृश्य को एक नया रूप दिया तथा उसको बदल कर रख दिया जिसका विस्तार, आवासीय विला, भवनों, परिसरों और नगरों से शुरू होकर संस्थानिक भवनों, अस्पतालों, स्कूलों और कार्पोरेट कार्यालय भवनों तथा कैम्पसों तक फैल गया। इसी के साथ, हवाई अड्डा परिसरों, स्टेडियमों और रेलवे स्टेशनों जैसी विशाल अवसंरचनाओं का प्रतीकत्मक रूप तैयार करते समय आपने उन स्थानों पर आपने खुदरा बिक्री और मनोरंजन के लिए स्थानों को भी डिजाइन किया है। आपने मुम्बई शहर की कायापलट करके उसे नया रूप दिया है और इस प्रकार, आपने देश भर में परिवर्तन को प्रोत्साहित किया है। आपके श्रेय प्राप्त कार्यों में एक दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण एवं सराहे गए आई टी कैम्पस/सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ब्लॉक और अनेक पूर्व हो चुके तथा प्रस्तावित LEED प्लेटीनम रेटिड भवन शामिल हैं। आपने 'द वेस्टर्न वाटरफ्रन्ट डवलपमेंट', के नाम से एक योजना प्रस्तावित की जिसमें बहुत बड़े क्षेत्र में खुला हरित क्षेत्र तैयार करके मुम्बई के समुद्रीतट को एक नया स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया गया है तथा शहर के यातायात को सरल और कारगर बनाने संबंधी आवश्यकताओं को महाराष्ट्र सरकार द्वारा अलग रूप में 'वेस्टर्न कोस्टल फ्रीवे' में सम्मिलित किया जा रहा है।

4. निर्माण क्षेत्र के कार्यों के अतिरिक्त, आपने इस दिशा में कानून बनाने और गरीबों के लिए आवासीय अवसरों का माहौल तैयार करने के मकसद से शहर नगरपालिकाओं के साथ मिलकर, झुग्गी झोपडी की बस्तियों के पुनर्विकास के लिए भी बहुत अधिक कार्य किया है। आप "प्रत्येक भारतीय के लिए एक घर" के स्वप्न को ध्यान में रखते हुए कम लागत वाले मकानों के निर्माण की दिशा में गहनता से कार्य कर रहे हैं। आपको बॉम्बे हेरिटेज कमैटी और नई दिल्ली लुटियंस बंगला जोन रिव्यू कमैटी जैसी समितियों में कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया है तथा इस समय आप विभिन्न आवासीय बोर्डों के पैनल में भी तथा उनके साथ कार्य कर रहे हैं।

5. आपने अनेकों पुरस्कार प्राप्त किए हैं तथा इंडिया टुडे द्वारा आपको दो वर्षों तक लगातार 50 सबसे सशक्त भारतीयों में शामिल किया गया है आपको आतिथ्य से लेकर आवासीय और वाणिज्य विकास के क्षेत्रों में अनेकों बार "सर्वोत्तम परियोजना" पुरस्कारों एवं वर्ष के शीर्ष वास्तुकार पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है,। वास्तुकला के क्षेत्र में आपके बहुमूल्य योगदान के लिए आपको व्यापक पहचान मिली है। आपको प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा वास्तुकला की मानद डॉक्टरेट, ऑनोरिस कॉसा और आवासीय क्षेत्र में वास्तुकला डॉक्टरेट (ऑनोरिस कॉसा) की डिग्रियां प्रदान की गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपको "द मैन हू ड्रॉज इंडिया" की उपाधि प्रदान की है।

# Shri Hafeez Sorabe Contractor

Shri Hafeez Sorabe Contractor, Principal Architect and Proprietor, Hafeez Sorabe Contractor is a renowned architect.

2. Born on June 19, 1950 Shri Contractor started his journey in 1968 as an apprentice at Khareghat and Associates, Mumbai. He completed a graduate diploma in architecture from Academy of Architecture, Mumbai and went on to do a Masters in Architecture from Columbia University, New York, on a Tata Scholarship. On his return he set up his architectural practice with 2 associates in 1982 which has grown into one of the largest architectural firm in the country.

3. Shri Contractor's work has shaped and changed the urban built landscape spanning the gamut from residential villas, buildings, complexes and townships to institutional buildings, hospitals, schools and corporate office buildings and campuses. In addition, the practice has designed retail and recreational space while imprinting their insignia on monumental structures like airport complexes, stadia and train stations. He reinvented the skyline of the city of Mumbai, and inspired change across the country. His credits include several completed and proposed LEED Platinum rated buildings along with more than a dozen critically acclaimed sustainable IT Campuses/ Software development blocks. He proposed 'The Western Waterfront Development', a scheme that attempts to rejuvenate Mumbai's coastline by creating large green open spaces and streamlining the city's transport needs is finally being incorporated in the 'Western Costal Freeway' project in a different version, by the Government of Maharashtra.

4. Apart from his work in the built environment, Shri Contractor has worked extensively in slum redevelopment, working with city municipalities to formulate laws and create an environment of housing opportunities of the poor. He is working extensively on low cost housing, in keeping with his dream of "a home for every India". He has been invited to serve on committee such as the Bombay Heritage Committee and the New Delhi Lutyens bungalow Zone Review Committee and is currently empanelled and working with various housing boards of various states.

5. Shri Contractor is the recipient of numerous awards and has been named one of the 50 Must Powerful Indians by India Today two years in a row, Top Architect of the Year several running has achieved numerous "Best Project" awards across categories from hospitality to housing and commercial developments and won widespread recognition for his valuable contribution to architecture. He was conferred the honorary Doctor of Architecture, Honoris Causa and the Doctor of Architecture in Housing (Honoris Causa) by prestigious Indian universities. The New York Times has dubbed him as "The Man Who Draws India".